Regarding Aeroli Kalwa corridor project and Digha Railway Station

श्री राजन बाबूराव विचारे (ठाणे) **:** सभापति महोदय, मैं अपने लोक सभा क्षेत्र को जोड़ने वाले ऐरोली कलवा ऐलिवेटेड महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी प्रकल्प की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मेरे लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ठाणे रेलवे स्टेशन की भीड़ का 40 प्रतिशत अतिरिक्त भार कम करने के लिए कल्याण, डोंबिवली, बदलापुर के श्रमिक वर्ग के लिए सीधे नवी मुंबई तक पहुंचने के लिए यह मार्ग आसान हो जाएगा।

वर्ष 2014 में पहली बार सांसद चुनने के बाद रेल बजट में तत्कालीन रेलवे मंत्री सुरेश प्रभु से की गई मांग के अनुसार इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 428 करोड़ रुपये दिए गए। इस परियोजना का भूमि पूजन 10 दिसंबर, 2016 में प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी साहब और हमारे शिव सेना प्रमुख आदरणीय उद्धव ठाकरे साहब के शुभ हाथों से हुआ था। इस परियोजना में एमएमआरडीए द्वारा 1080 झोपड़ियों के पुनर्वासन के कारण इस परियोजना में देरी न हो**,** इसलिए इस परियोजना को दो चरणों में किया गया था । वर्ष 2018 में इस दीघागांव रेलवे स्टेशन का काम शुरू हो गया था। यह दीघा गांव रेलवे स्टेशन पिछले 7-8 महीने से बनकर तैयार है। इस दीघा गांव रेलवे स्टेशन के लिए 90 करोड़ रुपये का खर्चा भी किया गया है। इस स्टेशन के शुरू न होने के कारण लोग ज्यादातर खुद की गाड़ी का इस्तेमाल करते हैं। इस वजह से ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है। यहां के नागरिक भी इस उद्घाटन की प्रतीक्षा कर रहे है।

महोदय, इस संबंध में देश के आदरणीय पंत प्रधान नरेन्द्र मोदी साहब, रेलवे मंत्री, रेलवे राज्य मंत्री, मध्य रेलवे के प्रबंधक को चार बार स्मरण पत्र देने के बावजूद और इस स्टेशन के पूरा होने के बावजूद भी यह काम शुरू नहीं किया गया है। दीघा स्टेशन के आस पास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में आईटी कंपनियां हैं, रिलायंस है और बड़ी-बड़ी कंपनियां हैं, इसलिए नौकरी के लिए आने वाले श्रमिक वर्ग तथा स्थानीय नागरिकों का पैसा और समय दोनों व्यर्थ हो रहा है। इस रेलवे स्टेशन के न खुलने से सेंट्रल रेलवे को मिलने वाला राजस्व भी कम हो रहा है।

हाल ही में दीघा रेलवे स्टेशन को चालू करने का अभियान चलाया गया था। उस समय हजारों नागरिकों ने यहां सभा की थी। मैं हमारे देश के पंत प्रधान आदरणीय नरेन्द्र मोदी साहब और रेलवे मंत्री से अनुरोध करता हूं कि पिछले सात-आठ महीने से यह स्टेशन तैयार है। मेरा निवेदन है कि इस स्टेशन को चालू किया जाए।

माननीय सभापति **:** मेरा माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपनी बात संक्षेप में रखने का प्रयास करें।